सत्यमेव जयते

# अष्टादश

# बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 24 माघ, 1947 (श०) / 13 फरवरी, 2026 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 158

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ऊर्जा विभाग | .. | .. | 33 |
| (2) | स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 89 |
| (3) | पर्यटन विभाग | .. | .. | 21 |
| (4) | आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 05 |
| (5) | योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 05 |
| (6) | विधि विभाग | .. | .. | 05 |
| | | | कुल योग -- | 158 |

## पौराणिक स्थल विकसित करने के संबंध में

'क'*185. श्रीमती अनीता (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत प्रखण्ड पकरीबरावां के ग्राम-बुधौली में पौराणिक काल से ही बौद्ध मठ, 10 एकड़ का तालाब, 52 कोठी, 53 द्वार, दुर्गा मंडप इत्यादि भव्य ढंग से बना हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बुधौली के उक्त स्थलों की विशिष्ठ को देखने के लिये सालों भर पयर्टक आते रहते हैं, परन्तु पर्यटकों की सुविधा के लिये वहां कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बुधौली को मूलभूत सुविधा के साथ पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने तथा बोधगया एवं राजगीर इत्यादि स्थलों में भ्रमण करने वाले पर्यटकों की बस बुधौली तक लाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

## पावर ग्रिड चालू करना

*885. श्री संजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर, विधान सभा क्षेत्र के सिमरी बख्तियारपुर प्रखण्ड के कठडुम्बर पंचायत में बिजली पावर ग्रिड का निर्माण कई महीनों पूर्व में ही हो चुका है परंतु विभागीय उदासीनता के कारण आजतक इसे चालू नहीं किया जा सका है, जिस कारण स्थानीय जनता को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पावर ग्रिड को चालू करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

## आई बैंक की स्थापना

*886. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ राजकीय मेडिकल कॉलेज में आई बैंक की सुविधा नहीं होने से सीमांत क्षेत्र पूर्णियाँ में होने वाले नेत्रदान का लाभ स्थानीय स्तर पर नहीं मिल पा रहा है और नेत्र प्रत्यारोपण हेतु आई०जी०आई०एम०एस०, पटना पर निर्भर रहना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार पूर्णियाँ राजकीय मेडिकल कॉलेज में आई बैंक की स्थापना कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

## ट्रॉमा सेंटर खोलना

*887. श्री बाबुलाल शौर्य (क्षेत्र संख्या-151 परबत्ता)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार से बेगूसराय के बीच NH-31 सड़क मार्ग पर ट्रॉमा सेंटर नहीं रहने के कारण एक्सीडेंट की स्थिति में मरीजों को ससमय इलाज नहीं मिलने से प्राय: जान की क्षति होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त NH-31 सड़क मार्ग पर खगड़िया के सतीशनगर से महेशखूंट के मध्य में ट्रॉमा सेंटर खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--- 'क'- दिनांक 06 फरवरी, 2016 को सदन द्वारा स्थागित ।

कार्रवाई करना

*888. श्री कुमार सर्वजीत (क्षेत्र संख्या-229 बोधगया(अ०जा०))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के प्रखंड फतेहपुर में विद्युत् आपूर्ति हेतु दो पी०एस०एस० है जिससे लगभग 93 कि०मी० की परिधि में बिजली की आपूर्ति की जाती है, उक्त प्रखंड को नयी दिल्ली, कोलकता ग्रैंड कॉल रेलवे लाइन दो भागों में विभाजित करती है, जबकि दो पी०एस०एस० रेलवे लाइन के उत्तरी भाग में अवस्थित है इसलिये रेलवे लाइन के दक्षिणी भाग के लगभग-नौडीहा, झरोग, जगतपुर सहित अन्य पंचायत को सुचारू रूप से विद्युत् आपूर्ति करने में विभाग को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि फतेहपुर रेलवे लाइन के दक्षिणी क्षेत्र में एक नया पी०एस०एस० की स्वीकृति से प्रखंड फतेहपुर, बाराचट्टी एवं मोहनपुर के करीब 12 पंचायत के 125 से 150 गांवों को लाभ प्राप्त होगा ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार फतेहपुर रेलवे लाइन के दक्षिणी क्षेत्र में एक नया पी०एस०एस० बनवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था कराना

*889. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सदर अस्पताल में सिर्फ गर्भवती महिला का ही अल्ट्रासाउंड किया जाता है, अन्य मरीजों का अल्ट्रासाउंड नहीं होता है, यदि हाँ, तो सरकार सीतामढ़ी जिला के सदर अस्पताल में सभी मरीजों के लिये अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन निर्माण करना

*890. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुबिधा उपलब्ध कराने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत सुपौल प्रखण्ड के वीणा पंचायत के उप-स्वास्थ्य केन्द्र, वीणा में आधारभूत संरचना जैसे कमरा, चिकित्सक की कमी रहने के कारण जनमानस को प्राथमिक उपचार के लिये लगभग 08 कि०मी० दूर जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र में बेहतर सुविधा सहित भवन का निर्माण एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन निर्माण

*891. श्री हरिनारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-177 हरनौत)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत नगरनौसा प्रखण्ड ग्राम पंचायत कछियावां, दरियापुर के ग्राम-दरियापुर में स्वा० उप-केन्द्र किराये के मकान में संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्राम-दरियापुर में स्वा० उप-केन्द्र के भवन निर्माण हेतु थाना नं० 57 के खाता नं० 86, खेसरा नं० 350 रकबा 7.5 डी० गैर-मजरूआ जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक ग्राम-दरियापुर में उक्त वर्णित भूमि पर स्वा० उप केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पोल तार लगाना

*892. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड अन्तर्गत भुवन छपरा पंचायत के मानसी छपरा मोलनापुर स्कूल के पास तथा अन्य कई स्थानों पर विद्युत् आपूर्ति हेतु तार का बाँस-बल्ला तथा पेड़ से बांध कर उपभोक्ता अपना काम चला रहे हैं, जिसके कारण कई बार बड़ी दुर्घटना भी हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पोल तार लगाकर उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से विद्युत् आपूर्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कभरयुक्त तार लगाना

*893. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खजौली प्रखंड के चतरा गोबरोढा पंचायत के वार्ड नं० 8, 9, 10, 11, 18 में बिजली तार का अबतक कभर वायरिंग नहीं किया गया है, जिससे आये दिन दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कभरयुक्त तार लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बिजली कनेक्शन देना

*894. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत बथनाहा पंचायत के प्रद्युमन छपरा तथा संग्रामपुर के भवानीपुर पंचायत में पकड़ी सहित 6 स्वास्थ्य उप-केन्द्र तथा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्मित होकर हैंड ओवर हो चुके हैं, परंतु अभीतक बिजली का कनेक्शन नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सभी स्वास्थ्य उप-केन्द्रों एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में बिजली का कनेक्शन देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्यालय की व्यवस्था कराना

*895. श्रीमती देवंती यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत नरपतगंज में विद्युत् विभाग के पदाधिकारियों को बैठकर विद्युत् विभाग के कार्यों के निष्पादन करने हेतु कोई विभागीय कार्यालय की व्यवस्था नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार नरपतगंज में विद्युत् विभाग के पदाधिकारियों को बैठकर विद्युत् विभाग के कार्यों के निष्पादन हेतु विभागीय कार्यालय की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन निर्माण कराना

*896. श्री राजेश कुमार उर्फ बब्लू गुप्ता (क्षेत्र संख्या-11 सुगौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के विधान सभा क्षेत्र सुगौली अन्तर्गत प्रखंड रामगढ़वा में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पिपरपाती का भवन अत्यंत जर्जर अवस्था में है जिस कारण स्वास्थ्य कर्मियों एवं आमजनों को इलाज कराने में असुविधा का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त केन्द्र का भवन निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बिजली तार हटाने

*897. श्री इन्द्रजीत प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-75 सहरसा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत नगर निगम सहरसा अंतर्गत 11,000 वोल्ट का बिजली तार शहर के लगभग 80 प्रतिशत इलाके से गुजरता है, जो लोगों के छत एवं घर के ऊपर से एवं पेड़ के बगल से गुजरता है, जिससे हमेशा बिजली के तार से कोई-न-कोई घटनाएँ होती रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सहरसा नगर-निगम के उक्त बिजली तार को लोगों के छत एवं घर के ऊपर से हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अस्पताल का निर्माण

*898. श्री रितुराज कुमार (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत हुलासगंज प्रखंड में आयुष चिकित्सा सेवाओं के विस्तार हेतु 20 बेड वाले आयुष अस्पताल के निर्माण मानक के अनुरूप संसाधन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अस्पताल में उत्क्रमित कराना

*899. श्री केदार प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-93 कुढ़नी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुढ़नी से सदर अस्पताल की दूरी 30 किलो मीटर रहने के कारण आमजनों का समुचित उपचार नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुढ़नी को रेफरल अस्पताल में उत्क्रमित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चहारदीवारी निर्माण कराना

*900. श्री राधाचरण साह (क्षेत्र संख्या-192 संदेश)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के कोईलवर प्रखंड अंतर्गत नवनिर्मित अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र, चाँदी का चहारदीवारी निर्माण नहीं हो पाया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केंद्र में सृजित पद के विरुद्ध पर्याप्त संख्या में स्वास्थ्य कर्मियों का पदस्थापन नहीं होने के कारण मरीजों को इलाज में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केंद्र का चहारदीवारी का निर्माण तथा स्वास्थ्य कर्मियों का पदस्थापन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अनुश्रवण समिति की बैठक कराना

*901. श्री अख्तरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी अनुमंडल में पिछले पांच वर्षों में एक बार ही अनुश्रवण समिति की बैठक आहूत की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ससमय अनुश्रवण समिति की बैठक नहीं बुलाने के कारण सरकारी योजनाओं का धरातल पर सही तरीके से क्रियान्वयन एवं इनकी जानकारी जनप्रतिनिधियों को नहीं मिल पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो पाँच वर्षों में एक बार अनुश्रवण समिति की बैठक बुलाने का क्या औचित्य है ?

---

I.C.U की व्यवस्था

*902. श्री केदार नाथ सिंह (क्षेत्र संख्या-115 बनियापुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मशरख एवं रेफरल अस्पताल, बनियापुर में I.C.U की व्यवस्था नहीं रहने से गंभीर रूप से बीमार मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित अस्पतालों में I.C.U की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

तार-पोल बदलना

*903. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखंड अन्तर्गत नेलसंड फीडर के 11000 का तार-पोल क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण आमलोगों में भय व्याप्त रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त फीडर का मरम्मती एवं 11000 का तार-पोल बदलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सांख्यिकी स्वयंसेवकों का समायोजन

*904. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में मान्यताप्राप्त सांख्यिकी स्वयं सेवक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं तथा प्रशिक्षण प्राप्त सांख्यिकी स्वयंसेवक छठी सामाजिक आर्थिक जनगणना फसल सर्वे, विद्यालयों सर्वे एवं जन्म प्रमाण-पत्र से संबंधित महत्पूर्ण कार्य सफलतापूर्वक किया है, सांख्यिकी स्वयंसेवक 13 वर्षों से मान्यताप्राप्त सांख्यिकी स्वयंसेवक के पैनल में पुनः बहाल कर समायोजन की मांग कर रहे हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मान्यताप्राप्त सांख्यिकी स्वयंसेवक को समायोजित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*905. श्रीमती विनिता मेहता (क्षेत्र संख्या-238 गोविन्दपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के पत्रांक 2497, दिनांक 23 अगस्त, 2024 के आलोक में नवादा जिला के कौआकोल में 30 (तीस) शैय्यावाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण हेतु 5.57 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन निर्माण का कार्य बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड (BMSICL) पटना के माध्यम से कराया जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आवास का निर्माण

*906. श्री विजय सिंह (क्षेत्र संख्या-68 बरारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी प्रखंड मुख्यालय स्थित रेफरल अस्पताल का भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रहने के कारण मरीजों एवं चिकित्सा तथा चिकित्सा कर्मियों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक रेफरल अस्पताल का नया भवन बनाने के साथ ही चिकित्सक एवं चिकित्साकर्मी के लिए आवासीय आवास बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सब-स्टेशन लगाना

*907. श्री नागेन्द्र चन्द्रवंशी (क्षेत्र संख्या-211 नोखा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि 211 नोखा विधान सभा के प्रखंड नोखा एवं नासरीगंज ग्रिड सब-स्टेशन 132Kv/33Kv नहीं रहने के कारण पूरे विधान सभा में विद्युत् आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो रही है क्योंकि ग्रिड सब स्टेशन से बिक्रमगंज एवं डिहरी से आपूर्ति की जा रही है तथा हमेशा फॉल्ट एवं लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों प्रखंडों में ग्रिड सब-स्टेशन लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत् आपूर्ति

*908. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत 213, काराकाट विधान सभा में प्रखंड संझौली के संझौली उत्तर पट्टी, संझौली मोतिहारी पथ में रोड के बीचों-बीच दो बिजली का पोल अवस्थित है जिससे वाहन आदि के आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पोल को हटाकर किनारे पर अवस्थित कर देने से वाहनों आदि के आवागमन सुगम हो जायेगा एवं विद्युत् आपूर्ति भी निर्बाध रूप से होता रहेगा ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ से विद्युत् पोल को हटाकर किनारे पर स्थापित करने एवं निर्बाध विद्युत् आपूर्ति बहाल कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*909. श्री कलाधर प्रसाद मंडल (क्षेत्र संख्या-60 रूपौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत प्रखंड-भवानीपुर के रूपौली स्थित राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय, बलिया एवं डुमरिया टोला मैनी में संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों औषधालय में चिकित्सक का पदस्थापन है परन्तु भवन नहीं होने के कारण क्षेत्र के आमजनों को समुचित इलाज कराने में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बिजली का तार लगवाना

*910. श्री विनय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत दिघवारा प्रखंड के दियरा में लगभग 700 से ज्यादा पोल का तार चोरों द्वारा एक वर्ष पूर्व में काट दिया गया है, जिसके कारण क्षेत्र के किसानों को सिंचाई में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखण्ड के दियरा में बिजली के तार लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पर्यटक स्थल

*911. श्री नंद किशोर राम (क्षेत्र संख्या-02 रामनगर (अ०जा०))--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिलान्तर्गत रामनगर प्रखंड के गोबर्धना वन क्षेत्र में स्थित सोमेश्वर धाम पर्यटन स्थल है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सोमेश्वर धाम आस्था का केंद्र होने के साथ-साथ सुंदर वन क्षेत्र एवं पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यहाँ हमेशा शैलानियों का आना-जाना लगा रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त धाम में आवागमन के लिए रोप-वे के निर्माण के साथ-साथ उक्त धाम को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पदस्थापन करना

*912. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या 86 केवटी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के केवटी विधान सभा क्षेत्र के प्रखंड केवटी एवं सिंघवाड़ा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिशु रोग, स्त्री रोग तथा सर्जन चिकित्सक नहीं रहने के कारण रोगियों को चिकित्सा हेतु काफी दूर अन्य अस्पताल जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में रिक्त पड़े विशेषज्ञ चिकित्सकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का जीर्णोद्धार

*913. श्री संजय कुमार (क्षेत्र संख्या-183 कुम्हरार)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के कंकड़बाग में डिफेंस कॉलोनी स्थित अतिरिक्त

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन अत्यंत जर्जर है, जिसके कारण डॉक्टर, पारा मेडिकल कर्मी एवं मरीज भयाक्रांत रहते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त भवन का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है ?

---

प्रखण्ड स्तर पर पारा मेडिकल कॉलेज की स्थापना करना

*914. श्रीमती अनीता (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत काशीचक एवं पकड़ीबरावाँ प्रखंडों में पारा मेडिकल फार्मेसी एवं नर्सिंग कॉलेज नहीं है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं को मेडिकल प्रयोगशाला, ए०एन०एम०, जी०एन०एम०, बी फार्मा डी फार्मा, बीएससी नर्सिंग जैसे कोर्स की पढ़ाई करने में काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पारा मेडिकल, फार्मेसी एवं नर्सिंग कॉलेज की स्थापना करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*915. श्री विशाल कुमार (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण के बंजरिया, छौड़ादानों एवं बनकटवा प्रखंडों में विद्युत् उपभोक्ताओं की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्व से लगे लगभग सभी ट्रांसफॉर्मर 63 K.V.A का है, और उपभोक्ता के वृद्धि होने के फलस्वरूप ट्रांसफॉर्मर ट्रिप कर जाती है, जिसका खामियाजा आम उपभोक्ता को उठाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 63 K.V.A के जगह 100 K.V.A का ट्रांसफॉर्मर लगाने की विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति

*916. श्री रामेश्वर कुमार महतो (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखण्ड बाजपट्टी के पंचायत बाचोपट्टी -नरहा, ग्राम-बाबु नरहा के आयुर्वेदिक अस्पताल में डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति नहीं होने के कारण ग्रामीणों को चिकित्सा हेतु काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल का भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखण्ड में डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति नहीं होने के कारण बन्द पड़े आयुर्वेदिक अस्पताल को सुचारू रूप से संचालित कराने एवं जीर्ण-शीर्ण भवन का जीर्णोद्धार करते हुए डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण कराना

*917. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या 146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय विधान सभा क्षेत्र के नौंगा

एवं भवानंदपुर पंचायत में अबतक विभागीय भवन वाले स्वास्थ्य उप-केंद्र उपलब्ध नहीं है जबकि उक्त पंचायतों में स्वास्थ्य उप-केंद्र के भवन निर्माण हेतु एक वर्ष पूर्व प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है परन्तु अबतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने से ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार हेतु काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायत में स्वीकृत स्वास्थ्य उप-केंद्रों का भवन निर्माण यथाशीघ्र प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

ए०पी०पी० नियुक्त कराना

*918. श्री सियाराम सिंह (क्षेत्र संख्या-179 बाढ़)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के बाढ़ अनुमंडल स्थित व्यवहार न्यायालय में विगत 20 वर्षों से ए०पी०पी० (असिस्टेंट पब्लिक प्रॉसिक्यूटरी) की नियुक्ति नहीं होने के कारण लम्बित वादों के निष्पादन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त व्यवहार न्यायालय में ए०पी०पी० की नियुक्ति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

अल्ट्रासाउण्ड मशीन को संचालित करवाना

*919. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-231 टिकारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अंतर्गत अनुमण्डलीय अस्पताल, टिकारी में अल्ट्रासाउण्ड मशीन अपने स्थापनकाल से ही रेडियोलॉजी टेक्निशियन के अभाव में बंद पड़ी हुई है, जिसके कारण मरीजों को बाहर जाकर जाँच कराना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल में अल्ट्रासाउण्ड मशीन को संचालित करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

अद्यतन जानकारी से अवगत कराना

*920. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत विधान सभा क्षेत्र झंझारपुर के प्रखंड झंझारपुर, लखनौर एवं मधेपुर में स्वीकृत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं स्वास्थ्य उप-केन्द्रों का भवन निर्माण प्रक्रियाधीन है, यदि हाँ, तो सरकार झंझारपुर विधान सभा क्षेत्र में स्वीकृत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं स्वास्थ्य उप केन्द्रों के निर्माणाधीन एवं पूर्ण किये गये भवन से संबंधित अद्यतन जानकारी से कबतक अवगत कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

ऑपरेटिंग प्रोसीजर बनाने

*921. श्री रूहेल रंजन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा सौर ऊर्जा को बिहार में प्रमुख नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत के रूप में विकसित करने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में विकेन्द्रीकृत (डिसेंट्रलाइज्ड) सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की योजना है यदि हाँ, तो सरकार इससे सम्बंधी स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उप-स्वास्थ्य केन्द्र

*922. श्री जयन्त राज (क्षेत्र संख्या-159 अमरपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत अमरपुर विधान सभा क्षेत्र के प्रखण्ड शंभुगंज के पंचायत करसोप में उप स्वास्थ्य केन्द्र, केहनीचक अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उप-स्वास्थ्य केन्द्र में हर माह लगभग 1200 से अधिक मरीज इलाज कराने आते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में अपग्रेड करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अस्पताल स्थापित कराना

*923. श्रीमती मनोरमा देवी (क्षेत्र संख्या-232 बेलागंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना से डोभी सड़क मार्ग को जोड़ने वाली NH-22 के नजदीक एक भी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल नहीं होने के कारण सड़क दुर्घटना होने की स्थिति में तत्काल पीड़ित को पटना या गयाजी उपचार के लिए ले जाना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त NH-22 मार्ग के मध्य बेलागंज में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की स्थापना होने से सड़क दुर्घटना में घायल को तत्काल इलाज की सुविधा मिलेगी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार NH-22 पटना-डोभी सड़क मार्ग के मध्य बेलागंज में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल स्थापित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अनुदान की राशि देना

*924. श्री रत्नेश सादा (क्षेत्र संख्या-74 सोनवर्षा (अ०जा०))--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दिनांक 25 जून, 2024 को सोनवर्षा प्रखण्ड के पंचायत देहद के वार्ड नं०1 निवासी श्री चंदन सादा के पुत्र मिथिलेश सादा, उम्र 24 वर्ष का सर्पदंश के कारण मृत्यु हो गई थी तथा उक्त घटना का थाना कांड सं० 8/2024 दर्ज हुआ था लेकिन उक्त आश्रित परिवार को सरकार द्वारा मुआवजा की राशि अभी तक नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त आश्रित परिवार को अनुदान की राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

-------------

अस्पताल का रजिस्ट्रेशन कराना

*925. श्री तेजस्वी प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-128 राघोपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि राघोपुर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत राघोपुर प्रखंड के मोहनपुर पंचायत में अवस्थित रेफरल अस्पताल का रजिस्ट्रेशन पिछले कई वर्षों से लंबित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मोहनपुर रेफरल अस्पताल में स्थानीय मरीजों की संख्या अधिक है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अस्पताल का रजिस्ट्रेशन कबतक कराने एवं नियमित डॉक्टर के पदस्थापन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पर्यटक स्थल के रूप में विकसित

*926. श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी (क्षेत्र संख्या-240 सिकन्दरा (अ०जा०))--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत इस्लाम नगर अलीगंज प्रखंड में प्रसिद्ध सूफी संत

'वीर औलिया' का मजार उड़ुआ पहाड़ पर स्थित है, जहाँ सोमवार, वृहस्पतिवार एवं शुक्रवार को लोग इबादत करने, मन्नत मांगने, पिकनिक मनाने काफी संख्या में आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मजार के बगल में स्थित कैलाश डैम जो पहाड़ की घेराबंदी से प्राकृतिक दृश्य के रूप में रमनीक स्थल है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मजार को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

केयर सेंटर स्थापित कराना

*927. श्री सुभाष सिंह (क्षेत्र संख्या-101 गोपालगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में कैंसर के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है तथा मरीजों को कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी, परामर्श, काउंसिलिंग, स्क्रीनिंग और फॉलो अप जैसे बेसिक सुविधाओं के प्रत्येक जिला में कैंसर डे केयर सेंटर नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 के बजट में प्रत्येक जिले में कैंसर डे केयर सेंटर स्थापित करने की घोषणा की है तथा होमी भाभा कैंसर अस्पताल द्वारा राज्य के 21 जिलों में कैंसर डे केयर सेंटर खोलने हेतु स्वास्थ्य विभाग को प्रस्ताव दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त 21 जिलों में कैंसर डे केयर सेंटर स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

गाँवों का तार बदलना

*928. श्री देवेशकान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिला के लकड़ी नवीगंज प्रखंड के ग्राम-कपड़ीपुर मुसहरटोला, कपड़ीपुर एक सरिका टोला, धोबीटोला, उज्जैना वार्ड नं० 13 सहित लगभग 25 गाँवों में एवं गोरेयाकोठी प्रखंड के ग्राम मुहम्मदपुर पट्टी वार्ड नं० 5 एवं 6 सुल्तानपुर वार्ड नं० 8, बड़का जगदीशपुर वार्ड नं० 6, 7, 8, सहित 40 गाँवों में बिजली तार जर्जर हो चुके हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों प्रखंड में पुराने ओपन/कभर तार जर्जर होने के प्रायः विद्युत् आपूर्ति में व्यवधान उत्पन्न होता है एवं जान-माल की क्षति बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों के सभी गाँवों में जर्जर विद्युत् तार को बदलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*929. श्री मंजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2017 में थावे मंदिर, गोपालगंज के पुनरूद्धार के लिये 29 करोड़ रुपये आवंटित किया गया था, जिसकी निविदा 17 मई, 2023 को निकाली गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुनरुद्धार की अवधि 4 अगस्त, 2023 को शुरू होकर 3 जनवरी, 2025 तक था ;

(3) क्या यह बात सही है कि पर्यटन विभाग द्वारा थावे मंदिर, गोपालगंज के लिये स्वीकृत 29 करोड़ की राशि से स्ट्रीट लाइट, पार्किंग, 800 दुकानें, तालाब का सौंदर्यीकरण और जल निकासी प्रणाली इत्यादि का विकास 18 माह में पूर्ण किया जाना था परंतु अबतक 40 प्रतिशत भी कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है ;

(4)यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो समय अवधि में कार्य पूर्ण नहीं करने वाले दोषी एजेंसी के विरुद्ध सरकार कौन-सी कार्रवाई करने और योजना कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है ?

---

स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन बनाना

*930. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चिरैया विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत चिरैया प्रखंड के बाराजयराम पंचायत में उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन नहीं रहने के कारण वहां के लोगों को प्राथमिक उपचार सहित स्वास्थ्य जाँच कराने के लिये कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायत में उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन निर्माण कराना

*931. श्रीमती ज्योति देवी (क्षेत्र संख्या-228 बाराचट्टी (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अन्तर्गत बोधगया प्रखंड में पंचायत ईलरा के ग्राम-परसावां, पंचायत-कुरमावां के ग्राम-कुरमावां एवं पंचायत-नावां में संचालित उप-स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन नहीं होने के कारण निजी भवन में संचालित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त केन्द्र का अपना भवन कबतक निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

क्षतिपूर्ति मुआवजा देना

*932. श्री मिथिलेश तिवारी (क्षेत्र संख्या-99 बैकुण्ठपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2020 में गोपालगंज जिला के बैकुंठपुर विधान सभा में आई भीषण बाढ़ की त्रासदी से बैकुंठपुर प्रखंड अन्तर्गत बलहा सहित अनेकों गांवों के सैकड़ों घर क्षतिग्रस्त हुये थे तथा बाढ़ से हुये गृह क्षति के लिये सरकार द्वारा मुआवजा देने का प्रावधान है लेकिन उक्त आपदा से क्षतिग्रस्त कई प्रभावित परिवारों को गृह क्षतिपूर्ति हेतु मुआवजा की राशि अभीतक नहीं दी गयी है, यदि हाँ, तो सरकार बाढ़ की त्रासदी से बैकुंठपुर प्रखंड अन्तर्गत जिन परिवारों को अभीतक गृह क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि नहीं दी गयी उन्हें सरकार कबतक मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नामकरण करना

*933. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-04 बगहा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला अन्तर्गत राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, बेतिया का नाम 2018 से पहले महारानी जानकी कुंवर अस्पताल था ;

(2) क्या यह बात सही है कि राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, बेतिया की जमीन महारानी जानकी कुंवर द्वारा सरकार को दान में दी गयी है ;

(3) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार को तीन कट्ठा से अधिक जमीन दान में देने पर संबंधित भवन का नामकरण भू-दाता के नाम से करवाये जाने का प्रावधान है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, बेतिया का नाम पुनः महारानी जानकी कुंवर के नाम पर करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सदर अस्पताल बनाना

*934. श्री कृष्ण कुमार ऋषि (क्षेत्र संख्या-59 बनमनखी (अ0जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा 7 निश्चय पार्ट 3 अन्तर्गत जिला अस्पताल को सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में उत्क्रमित करने की योजना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सदर अस्पताल, पूर्णियाँ को उत्क्रमित कर मेडिकल कॉलेज, पूर्णियाँ किया जा चुका है, जिस कारण पूर्णियाँ में सदर अस्पताल नहीं है, जबकि बनमनखी अनुमंडल अस्पताल में 4 (चार) एकड़ भूमि सहित भवन एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर सदर अस्पताल के समतुल्य है तथा उक्त अस्पताल में लगभग सभी विभागों के डॉक्टर पदस्थापित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बनमनखी अनुमंडल अस्पताल को उत्क्रमित कर जिला सदर अस्पताल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र

*935. श्री श्याम रजक (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ0जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत प्रखंड पुनपुन के पंचायत बराह ग्राम-बराह में प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं होने के कारण ग्रामवासियों को इलाज हेतु लगभग 15 किलो मीटर दूर पुनपुन जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पंचायत बराह के ग्राम-बराह में प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

केबल वायर तार लगाना

*936. श्री गोपाल कुमार अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-53 ठाकुरगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखंड अन्तर्गत रसिया पंचायत के वार्ड नम्बर 5 के आमबारी-भाटावाड़ी गाँव में बिजली पोल के अभाव में बाँस के खंभों से 11 हजार के0वी0 के नंगा तार के सहारे ग्रामीणों को विद्युत् आपूर्ति की जा रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव में बिजली पोल के सहारे नंगे तारों के स्थान पर केबल वायर तार लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिक्रमण से मुक्त

*937. श्री राजेश कुमार मंडल (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के मनीगाछी प्रखंड अन्तर्गत अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र, नेहरा का भवन काफी जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र, नेहरा का जमीन अतिक्रमित रहने के कारण भवन का निर्माण कार्य बाधित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र, नेहरा की भू-खंड को अतिक्रमण से मुक्त-करवाकर भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति

*938. श्री रमेश ऋषि (क्षेत्र संख्या-72 सिंहेश्वर (अ0जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला में स्थापित जननायक कर्पूरी ठाकुर मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में Neurology, Urology, Nephrology, Radiology, Hepatology, Gastroenterology विशेषज्ञ चिकित्सकों का पद स्वीकृत नहीं है, जिसके कारण उक्त मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ चिकित्सक प्रतिनियुक्त नहीं होने से रोगियों का समुचित इलाज नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ चिकित्सकों का पद स्वीकृत कर प्रतिनियुक्त कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रॉमा सेन्टर

*939. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या-87 जाले)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत जाले प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर), कमतौल नियमित रूप से सुचारू अवस्था में है तथा (SH-75) सड़क मार्ग पर अवस्थित है जो दरभंगा से मधवापुर (नेपाल बॉर्डर), भामा बसेढा तथा कमतौल से मधुबनी सीमा तक भामा कमतौल सड़क के किनारे का एकमात्र बड़ा अस्पताल है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क पर अत्यधिक दवाब होने के कारण दुर्घटना होने के कारण उक्त अस्पताल में आपातकालीन प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएँ मुहैया होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कमतौल को आपातकालीन चिकित्सा, ऑपरेशन थिएटर, आई0सी0यू0 और अन्य आवश्यक सुविधायुक्त ट्रॉमा सेन्टर के रूप में उत्क्रमित कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् तार को बदलने एवं एक अतिरिक्त ट्रान्सफॉर्मर लगाने

*940. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंड अन्तर्गत साखमोहन पंचायत के वार्ड संख्या 10 एवं 11 में विद्युत् तार काफी जर्जर है, जिसके कारण उक्त दोनों वार्ड में उपभोक्ताओं की संख्या अधिक होने से लोगों को पर्याप्त बिजली मिलने में कठिनाई हो रही है एवं लो-वोल्टेज की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों वार्ड में विद्युत् तार को बदलने एवं एक अतिरिक्त ट्रान्सफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अस्पताल का निर्माण

*941. श्री अरूण कुमार (क्षेत्र संख्या-180 बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बख्तियारपुर प्रखंड के काला दियारा, रूपस महाजी, रूपस चिरैया, हरदासपुर दियारा एवं रामनगर सतभैया पंचायत वर्षा ऋतु में जलमग्न हो जाता है, जिस कारण आमजनता एवं खासकर प्रसव पीड़ित महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायतों में से एक स्थान चिह्नित कर 100 बेड का अस्पताल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*942. श्री तारकिशोर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-63 कटिहार)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार नगर में मिरचाईबाड़ी स्थित राष्ट्रीय सम विकास योजना से निर्मित बहुदेशीय प्रशाल एवं पूर्व राज्य सभा सांसद द्वारा अनुशंसित सामुदायिक भवन का निर्माण आमलोगों के उपयोग के लिए हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला प्रशासन द्वारा दोनों भवनों को सरकारी कामकाज एवं अन्य कार्य हेतु अपने अधीन कर लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों भवनों को सरकारी कार्यों से मुक्त करने एवं सार्वजनिक एवं आमलोगों के उपयोग हेतु देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ऑक्सीजन प्लांट चालू करने के संबंध में

*943. श्री सुजीत कुमार (क्षेत्र संख्या-37 राजनगर (अ0जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत राजनगर विधान सभा क्षेत्र के अंधराठाढ़ी प्रखंड के रेफरल अस्पताल-सह-प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों, नर्सों, फार्मासिस्टों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के स्वीकृत पदों के विरुद्ध कार्यरत कर्मियों की संख्या काफी कम है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में भवन, प्रसव कक्ष, दवा की उपलब्धता, जाँच सुविधाएँ, एम्बुलेंस सेवा, पेयजल एवं स्वच्छता की समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त रेफरल अस्पताल-सह-प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में विगत पाँच वर्ष पूर्व ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया था जो अबतक बंद है ;

(4) यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल में कबतक स्वास्थ्य कर्मियों का पदस्थापन एवं मूलभूत सुविधाओं के साथ उक्त बंद ऑक्सीजन प्लांट को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना

*944. श्रीमती श्वेता गुप्ता (क्षेत्र संख्या-22 शिवहर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत जंगली माता मंदिर जो राजदेवी मंदिर के नाम से भी जाना जाता है, जो ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्व रखता है, यहाँ माता दुर्गा की तीन पिंड हैं, जहाँ दर्शन के लिए शिवहर के अलावा सीतामढ़ी, पूर्वी चम्पारण, मुजफ्फरपुर एवं पश्चिमी चम्पारण से भी भक्तजन आते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मंदिर का जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण कराते हुए पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*945. श्री राहुल कुमार (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना अन्तर्गत पटना मेडिकल कॉलेज में लगभग 200 करोड़ रुपये की लागत से सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना का शिलान्यास सरकार द्वारा 2 मार्च, 2019 को किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में 6 साल बीत जाने के बाद सिर्फ बिल्डिंग निर्माण हुआ है और अभीतक AHU, LIFT और मशीन का इन्स्टॉलेशन नहीं होने के कारण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विलम्ब के कारण का पता लगाकर दोषियों पर कार्रवाई और अविलम्ब स्वास्थ्य सुविधा बहाल कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कोर्ट की व्यवस्था

*946. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-05 लौरिया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत विद्युतीय मामलों में दोषी पाये जाने वाले उपभोक्ताओं की सुनवाई मुजफ्फरपुर में होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण बेतिया से मुजफ्फरपुर की दूरी 125 कि0मी0 से ज्यादा है ;

(3) क्या यह बात सही है कि योगापट्टी एवं लौरिया के बुजुर्गों, महिलाओं एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारजनों की विद्युतीय मामलों के सुनवाई के लिए मुजफ्फरपुर आना-जाना काफी कठिन कार्य है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र से विद्युतीय मामलों की सुनवाई के लिए बेतिया में कोर्ट की व्यवस्था करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चालू कराने का सम्बन्ध

*947. श्री रोमित कुमार (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजगीर स्थित नेचर सफारी का गेट संख्या-2, जो जेठियन पंचायत की ओर स्थित है, लंबे समय से गेट बंद रहने के कारण जेठियन पंचायत सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के पर्यटकों एवं स्थानीय नागरिकों को नेचर सफारी तक पहुँचाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गेट को खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि का भुगतान

*948. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समतोला देवी, उम्र-45 वर्ष, ग्राम-कुशहा, पो0-रायपुर, पंचायत-रायपुर, प्रखंड-नारायणपुर, जिला-भागलपुर की मृत्यु दिनांक 29 जून, 2025 को सर्पदंश से हो गयी थी तथा इनके पुत्र अभिषेक कुमार द्वारा विभाग को आवेदन देने के बावजूद भी आज तक आपदा राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त आश्रित को आपदा राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली कनेक्शन देना

*949. श्रीमती बेबी कुमारी (क्षेत्र संख्या-91 बोचहां (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा, विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बोचहां विधान सभा क्षेत्र के उनसर पंचायत में कृषकों के लिए आवेदन करने पर भी बिजली का कनेक्शन नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण किसानों के खेत असिंचित रह जा रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक उक्त पंचायत के कृषकों को बिजली का कनेक्शन देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराना

*950. श्री गौतम कृष्ण (क्षेत्र संख्या-77 महिषी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी विधान सभा क्षेत्र के तेलवा उप-स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर, नर्स एवं एंबुलेंस की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण से गर्भवती महिलाओं को प्रसव हेतु दूर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक डॉक्टर/नर्स की प्रतिनियुक्ति एवं 24x7 एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ब्लड बैंक की स्थापना कराना

*951. डॉ0 प्रकाश चंद्र (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत दाउदनगर अनुमंडल के अनुमंडलीय अस्पताल, दाउदनगर में ब्लड बैंक की सुविधा उपलब्ध नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल N.H. 139 के समीप स्थित है, जहाँ सड़क दुर्घटना घटित होने तथा अन्य गंभीर रोगों से पीड़ित व्यक्तियों को ब्लड की जरूरत पड़ने पर औरंगाबाद जिला मुख्यालय जाना पड़ता है, जबकि अस्पताल में प्रचुर मात्रा में भूमि उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में ब्लड बैंक की स्थापना कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जर्जर तार बदलना

*952. श्री अविनाश मंगलम (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के भरगामा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत हरिपुरकला, नया भरगामा, विसरिया, विनभगर पूरब, पश्चिम, खुटहा, बजनाथपुर, इत्यादि पंचायतों में बिजली का तार जर्जर हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर तार जर्जर हो जाने के कारण बिजली सप्लाई में कठिनाई होती है, बार-बार लाइन कट जाता है, जिससे ग्रामीण जनता को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या ऊपर वर्णित स्थानों पर जर्जर तार बदलकर नए तार लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अलग से फीडर स्थापित करने का विचार

*953. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ0 ज0 जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मार्च, 2025 तक निर्वाचन क्षेत्र संख्या 67, मनिहारी विधान सभा क्षेत्र में अलग से कृषि फीडर स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन अबतक कहीं भी यह कार्य संभव नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विधान सभा क्षेत्र में कबतक कृषि कार्य के लिए अलग से फीडर स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण करना

*954. श्री उपेन्द्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के प्रखण्ड परैया अन्तर्गत ग्राम-सोलरा टोला झिकटिया में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने हेतु अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्वीकृति 10 वर्ष पूर्व दी गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला स्वास्थ्य समिति, गयाजी के पत्रांक 1511, दिनांक 29 अक्टूबर, 2022 द्वारा उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण हेतु मौजा सोलरा में खाता सं0 257 एवं 342 प्लौट सं0 6368 कुल रकबा 0.76 डिसमील जमीन उपलब्ध होने की सूचना कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना को भेजी गई ;

(3) यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक गयाजी जिला के प्रखण्ड परैया, पंचायत सोलरा, ग्राम-सोलरा टोला झिकटिया के ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने हेतु स्वीकृत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण उपलब्ध जमीन पर कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

*955. मो0 कमरूल होदा (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लगभग 2.50 लाख की जनसंख्या पर आधारित प्रखंड-पोठिया में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है, जिसमें आमजनों के इलाज के लिए स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन के एक-एक पद सृजित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत पाँच वर्षों से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पोठिया में स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन पदस्थापित नहीं हैं, जिस कारण प्रखंड वासी अपना इलाज नहीं करा पाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पोठिया में स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन के पदस्थापन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

समायोजित करना

*956. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा 2012-13 में पात्रता परीक्षा के आधार पर और परीक्षण के उपरान्त मान्यता प्राप्त सांख्यिकी स्वयंसेवकों (ASV) का पैनल तैयार किया गया और उनसे सफलतापूर्वक सॉख्यिकी, गणना और सर्वेक्षण संबंधी कार्य लिये गये ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2014 से मान्यता प्राप्त सांख्यिकी स्वयंसेवकों को बगैर कारण बताये बेरोजगार बना दिया गया और उनके कार्यों को शिक्षकों से करवाया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मान्यता प्राप्त सॅख्यिकी स्वयंसेवकों को पुनः उक्त कार्यों हेतु समायोजित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अंडरग्राउंड केबलिंग करवाना।

*957. श्री रोहित पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत भागलपुर विधान सभा क्षेत्र में अनेक स्थलों पर बिजली के पोल एवं तार अत्यंत जर्जर होने के कारण उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत् आपूर्ति नहीं हो रही है साथ ही बरसात के समय दुर्घटना होती रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा योजना के तहत विद्युत् अवसंरचना को आधुनिक स्वरूप देने हेतु बिजली के तारों को अंडरग्राउंड केबलिंग/सुरक्षित पाइप लाइन प्रणाली के माध्यम से जर्जर पोलों को हटाने/पुनर्स्थापित करने के निर्णय के बावजूद भी भागलपुर में अंडरग्राउंड केबलिंग प्रणाली नगण्य है जबकि स्मार्ट सिटी मिशन के तहत उक्त कार्य किया जाना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक भागलपुर को स्मार्ट सिटी मिशन अन्तर्गत अत्यंत जर्जर तार को बदलते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोण से अंडरग्राउंड केबलिंग करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### मंदिर को पर्यटकीय तौर पर विकसित करना

*958. श्री रत्नेश कुमार (क्षेत्र संख्या-184 पटना साहिब )--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पटना नगर निगम क्षेत्र में अवस्थित माँ बड़ी पटन देवी मंदिर जो 52 शक्तिपीठों में से एक है जहां लाखों श्रद्धालु पूरे देश से आते हैं किन्तु श्रद्धालुओं के संख्या के अनुरूप आधारभूत संरचना नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मंदिर को पर्यटकीय तौर पर विकसित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

### स्त्री रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना करना

*959. श्री मोहम्मद मुर्शिद आलम (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जोकीहाट तथा पलासी प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पलासी में स्त्री विशेषज्ञ चिकित्सक पदस्थापित नहीं रहने के कारण उक्त प्रखंडों के महिलाओं को स्त्री रोग से संबंधित रोगों का इलाज कराने के लिये अररिया जाना पड़ता है, जिससे रोगियों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में महिला स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों के पद पर पदस्थापन कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

### पदस्थापित करना

*960. श्री विनय कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-80 बेनीपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, लहेरियासराय में वरीय मातृका का एक (1) पद, सहायक मातृका का एक (1) पद, नर्सिंग अधीक्षक का तीन (3) पद, नर्सिंग अधीक्षक का 'सुपर स्पेशलिटी अस्पताल' के लिये (1) पद तथा नर्सिंग उपाध्यक्ष, उपाधीक्षक का तीन (3) पद सृजित होने के बावजूद रिक्त पदों पर नियमित पदस्थापना नहीं होने के कारण मरीजों के नर्सिंग व्यवस्था पर कुप्रभाव पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार अस्पताल में रिक्त पदों पर कबतक नियमित पदस्थापन कराने विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

### उप-स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना

*961. मो० तौसीफ आलम (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के गुआबाड़ी पंचायत के गरगाँव मिलिक में उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गरगाँव मिलिक से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की दूरी 25 कि०मी० है एवं उक्त पंचायत के अन्य गाँव में उप-स्वास्थ्य केन्द्र बनाने हेतु सभी अर्हताएं मौजूद है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार गरगाँव मिलिक में उप-स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*962. श्री रणविजय साहु (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखंड अन्तर्गत ररियाही पंचायत के रघुनाथपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अवस्थित है, जहां प्रसूति कक्ष की व्यवस्था नहीं है, साथ ही भवन जर्जर है तथा चहारदीवारी नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के जर्जर भवन का जीर्णोद्धार, प्रसूति कक्ष एवं चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चहारदीवारी का निर्माण

*963. श्रीमती निशा सिंह (क्षेत्र संख्या-66 प्राणपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत प्राणपुर विधान सभा के प्राणपुर प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर के चहारदीवारी तथा मुख्य द्वार का निर्माण नहीं होने के कारण कार्य करने वाले कर्मी असुरक्षित महसूस करते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक प्राणपुर प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का चहारदीवारी तथा मुख्य गेट निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बोन मैरो ट्रांसप्लांट की व्यवस्था कराना

*964. डॉ० कुमार पुष्पंजय (क्षेत्र संख्या-170 बरबीघा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि थैलेसीमिया के इलाज में प्रयुक्त होने वाली बोन मैरो ट्रांसप्लांट विधि की व्यवस्था बिहार के किसी भी अस्पताल में नहीं रहने के कारण थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों का इलाज के लिये प्रदेश से बाहर दूसरे प्रदेशों में भेजा जाता है, यदि हाँ, तो सरकार बिहार के किसी अस्पताल में थैलेसीमिया के इलाज हेतु बोन मैरो ट्रांसप्लांट विधि की व्यवस्था करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

गंगा नदी के कटाव से बाढ़ में समाहितों के सम्बन्ध में

*965. श्री राकेश रंजन (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखंड के दामोदरपुर पंचायत में वर्ष 2025 के बाढ़ में गंगा नदी के कटाव से ज्वईनिया गांव के विस्थापितों को सरकार द्वारा आजतक आवासन हेतु जमीन उपलब्ध नहीं कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कटाव के कारण उक्त गाँव के गृह विहिन लोगों के पास आवासन हेतु अपना कोई जमीन नहीं बचा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गांव के बाढ़ के कटाव से गृह विहीन लोगों को चिन्हित कर अन्य स्थानों पर भूमि उपलब्ध कराकर उनके आवासन की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मरीजों को निःशुल्क इलाज की व्यवस्था

*966. श्री आलोक कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-134 उजियारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना, बिहार सरकार एवं ग्लोबल हेल्थ लिमिटेड, गुरूग्राम (हरियाणा) का एक संयुक्त संस्थान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना में प्रदेश के गरीब मरीजों को नि:शुल्क अथवा रियायत दर पर इलाज कराने का प्रावधान नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना में प्रदेश के गरीब मरीजों को नि:शुल्क अथवा रियायत दर पर इलाज का प्रावधान कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

वायरिंग करना

*967. श्री सतीश कुमार साह (क्षेत्र संख्या-40 लौकहा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास प्रखंड के सुग्गापट्टी गांव में भारती चौक से अशोक पेड़ तक लगभग 01 कि०मी० 11 हजार वोल्ट का तार गुजरा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव के बीचों-बीच 11 हजार वोल्ट का तार गुजरने से गाँव वालों को हमेशा दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव में कॉभरिंग वायरिंग कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

दवाइयाँ उपलब्ध कराना

*968. श्री सुरेन्द्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-01 वाल्मीकिनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिलान्तर्गत प्रखंड बगहा-2 के सेमरा बाजार में 30 बेड का सेमरा रेफरल अस्पताल बनकर तैयार है, किन्तु डॉक्टर, नर्स और अन्य कर्मियों (मानव बल) की कमी रहने के कारण मरीज को इलाज के बिना अन्यत्र अस्पताल में रेफर किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में स्वास्थ्य संबंधी उपकरण और दवा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त अस्पताल में चिकित्सक तथा चिकित्सा से संबंधित कर्मियों (मानव बल) की प्रतिनियुक्ति एवं दवाइयाँ उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

घाट पर नौका

*969. श्री विष्णु देव पासवान (क्षेत्र संख्या-107 दरौली (अ०जा०))--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिले के दरौली विधान सभा के दरौली प्रखंड में सरयू घाट पर्यटकों के लिये नौका बिहार एवं अन्य एडवेंचर (Adventure) के लिये सभी अर्हताएं पूरी करता है, यदि हाँ, तो सरकार पर्यटकों के लिये उक्त घाट पर नौका बिहार एवं एडवेंचर (Adventure) की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

तार लगाना

*970. श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह (क्षेत्र संख्या-212 डिहरी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारीशरीफ प्रखंडान्तर्गत ग्राम हुल्लुकपुर स्थित पथ जो एन0 एच0 (पटना-गया-डोभी) को जोड़ती है, में विद्युत् पोल गड़ा हुआ है लेकिन उसमें विद्युत् तार नहीं लगा हुआ है, जिस कारण उक्त क्षेत्र में रहने वाले निवासी को हुल्लुकपुर मेन रोड से तार लगाकर घर में बिजली जलाना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ में स्थित पोल तक तार लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण

*971. श्री महेश पासवान (क्षेत्र संख्या-195 अगिआंव (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत अगिआंव प्रखंड के बेरथ गाँव में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की निविदा की प्रक्रिया विभाग द्वारा पिछले वर्ष ही पूरी कर ली गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद आजतक शुरू नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य चालू वित्तीय वर्ष में शुरू करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित कराना

*972. प्रो0 नागेन्द्र राउत (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सुरसंड प्रखंड के स्वास्थ्य उप-केन्द्र, कुम्मा को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने का प्रस्ताव पत्रांक 1306, दिनांक 3 अप्रील, 2023 के माध्यम से विभाग को उपलब्ध कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य उप-केन्द्र, कुम्मा अतिरिक्त स्वास्थ्य प्राथमिक केन्द्र में उत्क्रमण के लिए निहित सभी अर्हता पूरा करने के बावजूद अबतक अतिरिक्त स्वास्थ्य प्राथमिक केन्द्र नहीं बना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र, कुम्मा को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में शीघ्र उत्क्रमित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सोलर प्लांट का उपकरण एवं बैटरी बदलना

*973. श्री मुरारी प्रसाद गौतम (क्षेत्र संख्या-207 चेनारी (अ0जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के रोहतास एवं नौहट्टा प्रखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित गाँवों में सोलर प्लांट के माध्यम से विद्युत् आपूर्ति की जा रही थी, जो विगत लगभग 6 माह से सोलर प्लांट के उपकरण एवं बैटरी खराब होने के कारण बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सोलर प्लांटों की उपकरण एवं बैटरी बदलवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यो ?

--------

स्वास्थ्य सुविधाएं बहाल

*974. श्री शुभानंद मुकेश (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगांव नगर पंचायत के मध्य में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (P.H.C), कहलगांव का अनुमंडल अस्पताल बनने के बाद से इस केन्द्र की घोर अनदेखी की जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस (P.H.C) में पूर्व मे मिलने वाली मूलभूत सुविधाएं जैसे प्रसव (Delivery), ब्लड टेस्ट, एक्स-रे (X-Ray) एवं बेड की सुविधा पूर्णत: बंद कर दी गई है, जिसके कारण नगर पंचायत के 17 वार्डों की जनता, विशेषकर वयो वृद्ध नागरिक, जो शहर के बीचों-बीच इलाज हेतु इस केन्द्र पर निर्भर है, उन्हें भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्थानीय वृद्धों और आम नागरिकों की सहुलियत हेतु इस पी0एच0सी0 में पुन: प्रसव, पैथोलॉजी जाँच और बेड आदि की मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाएं बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मोबाइल नं0 की अनिवार्यता समाप्त करना

*975. श्री सतीश कुमार सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य केन्द्रों पर मरीजों को ऑनलाइन ओपीडी पर्चा लेने के लिए मरीजों का मोबाइल नंबर अनिवार्य है जिसपर ओटीपी आता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गरीब परिवार एवं बुजुर्ग पुरूष, महिला के पास मोबाइल नहीं होने एवं संचालन का ज्ञान नहीं होने के कारण स्वास्थ्य केंद्रों पर ओपीडी पर्चा नहीं कटने से इलाज से वंचित रह जाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्वास्थ्य केन्द्रों पर ओपीडी पर्चा के लिए मरीज के मोबाइल नंबर की अनिवार्यता को समाप्त कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् उप-केन्द्र का निर्माण

*976. श्री अमरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के गोह प्रखंड अंतर्गत देवहारा में विद्युत् उप-केन्द्र की स्वीकृति लगभग 10 वर्षों पूर्व हुई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक उक्त विद्युत् उप-केन्द्र का निर्माण नहीं होने से विद्युत् आपूर्ति होने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सराकर कबतक उक्त विद्युत् उप-केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

फार्मासिस्ट का नियुक्ति

*977. श्री सुजीत कुमार (क्षेत्र संख्यां-79 गौड़ाबौराम)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि Pharmacy Council of India (PCI) द्वारा अधिसूचित Pharmacy Practice (Amendment) Regulations, 2021 बिहार राज्य में पूर्ण रूप से लागू नहीं किए गए हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के सरकारी अस्पतालों में वर्तमान में (Pharm.D) उच्च योग्यता धारी क्लिनिकल फार्मासिस्ट की नियुक्ति नहीं होने के कारण मरीजों को स्वास्थ्य मानकों के अनुरूप फार्मेसी सेवाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही है ;

(3) यदि हाँ, तो कबतक सरकार Pharmacy Practice (Amendment) Regulations, 2021 को बिहार में लागू कराने एवं अस्पतालों में (Pharm.D) योग्यताधारी की नियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मेडिकल कॉलेज खोलना

*978. श्री माधव आनंद (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत मधुबनी जिला मुख्यालय में एक भी मेडिकल कॉलेज नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं एवं आमलोगों को अन्यत्र जाना पड़ता है जिससे काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जिला मुख्यालय में कबतक मेडिकल कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्ति कराना

*979. श्रीमती छोटी कुमारी (क्षेत्र संख्या-118 छपरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला मुख्यालय स्थित छपरा सदर अस्पताल पर जिले की बड़ी आबादी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए आश्रित है, किन्तु ट्रॉमा सेंटर, आईसीयू और अत्याधुनिक जाँच उपकरणों की उपलब्धता नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सदर अस्पताल में स्वीकृत पदों के विरूद्ध विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी तथा महिला चिकित्सकों (Gynecologists) के नहीं होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली महिला मरीजों को समुचित उपचार के लिए निजी अस्पतालों या पटना रेफर होने को मजबूर होना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छपरा सदर अस्पताल को 'मॉडल अस्पताल' के रूप में विकसित करते हुए आवश्यकतानुसार विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं महिला चिकित्सकों की स्थाई प्रतिनियुक्ति कराने एवं खंड में वर्णित सुविधाएं उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करना

*980. श्री संतोष कुमार निराला (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत राजपुर प्रखंड के धनसोई में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण महिलाओं को प्रसव हेतु बक्सर या दूर-दराज के अस्पताल जाना पड़ता है जिस कारण मरीजों को परेशानियों के साथ-साथ अत्यधिक खर्च का वहन करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक धनसोई में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुविधायुक्त अस्पताल भवन का निर्माण

*981. श्रीमती सावित्री देवी (क्षेत्र संख्या-243 चकाई)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत प्रखंड सोनों में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य अस्पताल का भवन क्षतिग्रस्त होने के साथ उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में अन्य चिकित्सा सुविधा का घोर अभाव है, जिससे प्रसूति महिलाएं एवं मरीजों के उपचार में काफी परेशानी हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक मरीजों के हित में उक्त वर्णित अस्पताल के भवन निर्माण एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कॉलेज को पुनः संचालित करना

*982. श्री प्रमोद कुमार (क्षेत्र संख्या-19 मोतिहारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) स्थित रविन्द्रनाथ आयुर्वेद कॉलेज एवं अस्पताल लंबे समय से बंद पड़ा है, जिस कारण छात्रों को आयुर्वेद की शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है और क्षेत्र की जनता एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्र से वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त आयुर्वेद कॉलेज के भवन, आधारभूत संरचना और संसाधनों का उपयोग करते हुए पुनः संचालित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण

*983. सुश्री मैथिली ठाकुर (क्षेत्र संख्या-81 अलीनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत अलीनगर विधान सभा क्षेत्र के तारडीह प्रखण्ड में उजान बरियाही स्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र (ए0पी0एच0सी0) का भवन जर्जर है तथा चहारदीवारी भी नहीं है, रहने के कारण असामाजिक तत्व एवं पशु प्रवेश कर जाते हैं, जिससे स्वास्थ्य कर्मियों एवं मरीजों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को सुचारू रूप से चलाने एवं सुरक्षा दृष्टिकोण से चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है नहीं, तो क्यों ?

--------

उपलब्धता कराना

*984. श्री संजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर विधान सभा क्षेत्र के ग्राम+पंचायत-कठडूमर में स्वास्थ्य उप-केंद्र में सृजित पद के अनुरूप डॉक्टरों की कफी कमी एवं दवाइयों एवं जाँच मशीनों की कमी रहने के कारण ग्रामीणों को काफी कठिनाई होती है ;

(2) यदि हाँ, तो कबतक सरकार जनहित में शीघ्र उक्त स्वास्थ्य उप-केंद्र में डॉक्टरों, दवाइयों एवं जाँच मशीनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन के निर्माण

*985. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ बार लाइब्रेरी में लगभग 1500 से अधिक अधिवक्ता निबंधित हैं जिसमें 150 से अधिक महिला अधिवक्ता हैं पूर्णियाँ बार लाइब्रेरी परिसर में महिला अधिवक्ताओं के लिए पृथक लॉयर्स हॉल उपलब्ध नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार महिला अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए उक्त परिसर में महिला लॉयर्स हॉल/भवन के निर्माण का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विकसित करना

*986. श्री बाबूलाल शौर्य (क्षेत्र संख्या-151 परबत्ता)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के परबत्ता विधान सभा के भरतखंड में बावन कोठी तिरपन द्वार 70 प्रकार की ईंटों, कत्था चूना एवं सुर्खी के मिश्रण से बना छः एकड़ से ज्यादा में फैला एक ऐतिहासिक स्थल है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल पर हजारों की संख्या में पर्यटक आते हैं किन्तु पर्यटकीय सुविधा के अभाव में पर्यटकों को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बावन कोठी तिरपन द्वार का जीर्णोद्धार करते हुए पर्यटकीय सुविधा बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*987. श्री कुमार सर्वजीत (क्षेत्र संख्या-229 बोधगया (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के प्रखंड-फतेहपुर, ग्राम पंचायत-नगमा के ग्राम-नगमा में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण नही होने से आमजन को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक नगमा में उपस्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली का पोल एवं तार लगाना

*988. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखण्ड अंतर्गत बबुरवन पंचायत मुशहरी टोला में लगभग सौ परिवार निवास करते हैं तथा उक्त टोला में बिजली का पोल एवं तार की व्यवस्था नहीं हो पाई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त टोला में बिजली का पोल एवं तार लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाना

*989. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत सुपौल प्रखंड के ग्राम-अमहा तथा किशनपुर प्रखंड के ग्राम-परसा-माधो में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं होने की वजह से स्थानीय लोगों को इलाज कराने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित ग्राम में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्थानांतरण कराने का विचार

*990. श्री हरिनारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-177 हरनौत)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत नगरनौसा प्रखण्ड के प्रा0 स्वा0 केन्द्र, नगरनौसा में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर डॉ0 धनेष कुमार विगत चार वर्षों से पदस्थापित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के नियमानुसार 3 वर्ष से अधिक वाले किसी भी पदाधिकारी का स्थानांतरण किये जाने का प्रावधान है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार डॉ0 धनेष कुमार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रा0 स्वा0 केन्द्र नगरनौसा का स्थानांतरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटन स्थल विकसित करना

*991. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही प्रखण्ड के कमला बलान एवं सोनी नदी के त्रिवेणी संगम में पिपरा घाट अवस्थित है उक्त घाट में हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर भव्य मेला लगता है जिसमें लाखों श्रद्धालुगण स्नान, मुंडन आदि संस्कारों के लिए आते हैं परन्तु उक्त स्थल पर पर्यटकीय सुविधाओं का अभाव है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने एवं पर्यटकीय सुविधा सीढी घाट, सौंदर्यीकरण, स्थायी यात्री शेड, शौचालय एव हाई मास्ट लाइट आदि का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आवास उपलब्ध कराना

*992. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के केसरिया प्रखंड के रामपुर, खजुरिया एवं रामपुरवा गाँव में श्रीमती लखपतिया देवी एवं मुनिरखी देवी के फूस के घर दिनांक 21 फरवरी, 2021 को आगलगी में जल गयी, जिसके कारण लोग खुले आकाश के नीचे रहने को विवश हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त लोगों को आवास उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*993. श्रीमती देवंती यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखंड नरपतगंज के सभी पंचायतों में मिनी उपस्वास्थ्य केन्द्र निर्माणाधीन है, जिससे गुणवत्ता को नजरअंदाज कर निर्माण में काफी घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर निर्माण में घोर अनियमितता बरती जा रही है, यदि हाँ तो सरकार कबतक नरपतगंज के सभी पंचायतों में बन रही मिनी उपस्वास्थ्य केन्द्र की गुणवत्ता की विभागीय जाँच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

वाटर पार्क विकसित करना

*994. श्री राजेश कुमार उर्फ बब्लू गुप्ता (क्षेत्र संख्या-11 सुगौली)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुगौली विधान सभा क्षेत्र (जिला-पूर्वी चम्पारण) के प्रखंड सुगौली अन्तर्गत दक्षिणी सुगाँव पंचायत के सुगाँवडी धनौती नदी के किनारे पर अवस्थित है जिसका प्राकृतिक दृश्य सुंदर एवं रमणीक होने के कारण उक्त स्थल पर दामुल फिल्म के साथ-साथ कई अन्य फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सुगाँवाडीह में धनौती नदी पर वाटर पार्क विकसित कर पर्यटन को बढ़ावा देने की विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चिकित्सा शोध संस्थान बनाना

*995. श्री इन्द्रजीत प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-75 सहरसा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, सहरसा के पत्रांक 1525, दिनांक 26 अगस्त, 2017 द्वारा सहरसा 217 एकड़ भूमि AIIMS निर्माण हेतु आवंटित की गई थी, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर AIIMS या उसके समकक्ष चिकित्सा शोध संस्थान बनाने का विचार है ,नहीं, तो क्यों ?

---

जिला अस्पताल की मान्यता

*996. श्री रितुराज कुमार (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे की क्या यह बात सही है कि जहानाबाद सदर अस्पताल में सीमित संसाधनों एवं अवसंरचना के कारण जिला अस्पताल के समकक्ष सेवाएँ प्रदान करने में असमर्थ है, जबकि यह क्षेत्र की बड़ी आबादी की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल को जिला अस्पताल की मान्यता प्रदान करने तथा समुचित चिकित्सकीय सुविधाएँ, विशेषज्ञ चिकित्सक, आधुनिक उपकरण एवं पर्याप्त मानव संसाधन कबतक उपलब्ध कराने पर विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विश्रामालय बनवाना

*997. श्री केदार प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-93 कुढ़नी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखंड के ग्राम-चन्द्रहट्टी में केवल स्थान के निकट बड़ा मेला लगता है जहां बाहर से लोग आते हैं तथा यहां विश्रामालय भवन नहीं होने के कारण आमजनों को काफी परेशानी होती है यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर विश्रामालय बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण कराना

*998. श्री राधाचरण साह (क्षेत्र संख्या-192 संदेश)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के संदेश प्रखंड अंतर्गत मौजा, प्रतापपुर, (थाना नं०-213, खाता-251, खेसरा-13, रकबा-51 डी०) स्थित स्वास्थ्य उपकेन्द्र, प्रतापपुर का भवन अत्यंत जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य उपकेन्द्र के भवन का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापित करना

*999. श्री केदार नाथ सिंह (क्षेत्र संख्या-115 बनियापुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के HR पॉलिसी के चैप्टर-02 के कंडिका-17 में निहित प्रावधान के अनुसार सभी जिला स्वास्थ्य समिति के कार्यालय में 5 D.P.M.U के पदों पर तीन वर्षों से ज्यादा अवधि में से कार्यरत पदाधिकारी DPM, DAM, DPC, DCM, DMEO का स्थानांतरण कर दिया है, परन्तु जिला स्वास्थ्य समिति, पटना में कार्यरत जिला कार्यक्रम प्रबंधक का (DPM) विगत 7 वर्षों से पदस्थापित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जिला स्वास्थ्य समिति, पटना में कार्यरत जिला कार्यक्रम प्रबंधन को सरकार अन्य जिला में स्थानांतरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कनेक्शन देना

*1000. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पगड़ा फीडर दलसिंहसराय से दिनांक 12 नवम्बर, 2024 को वैभव फूड्स, सिंह वैभवदीप विष्णुदेव एवं सुनीता कुमारी, ग्राम+पो०-जनकपुर, वार्ड 8, थाना-उजियारपुर, जिला-समस्तीपुर को लघु उद्योग के नाम पर विद्युत् कनेक्शन दिया गया जिसका कंज्यूमर नम्बर-115111178749 खाता नं०- 522114751516 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ट्रायल में मात्र चार से पाँच दिन विद्युत् उपयोग किया गया जिसका मीटर में 65 यूनिट खपत हुआ जबकि विभाग द्वारा 3214 यूनिट विद्युत् खपत दिखाकर विद्युत् विच्छेद कर दिया गया जिससे लघु उद्योग बन्द है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विभाग द्वारा विद्युत् खपत यूनिट के विसंगति को दूर करते हुये पुनः विद्युत् कनेक्शन देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्टेशन स्थापित कराना

*1001. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत मोतिहारी नगर निगम के रघुनाथपुर धनौती नदी के दूसरे किनारे पर स्थित है जहां उपभोक्ताओं की संख्या अधिक होने से लो-वोल्टेज रहने के कारण उपभोक्ताओं को कठिनाई होती है । यदि हाँ, तो सरकार कबतक रघुनाथपुर में विद्युत् सब-स्टेशन स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

ट्रॉमा सेन्टर स्थापित करना

*1002. श्री बिजय सिंह (क्षेत्र संख्या-68 बरारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कुर्सेला से गेड़ाबाड़ी एन०एच०-31 मार्ग पर आये दिन दुर्घटना होती रहती है, परन्तु ट्रॉमा सेन्टर नहीं रहने के कारण मरीजों को पूर्णियाँ/कटिहार स्थित स्वास्थ्य केन्द्र जाना पड़ता है, जिससे कुछ मरीजों की मृत्यु भी हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त एन०एच०-31 मार्ग पर ट्रॉमा सेन्टर स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

वकीलों को बैठने

*1003. श्री अरुण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत बिक्रमगंज अनुमण्डल में अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय, कीचवा बाल स्थित संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त न्यायालय में विद्वान वकीलों के बैठने हेतु बार कउंसिल का भवन नहीं है ;

(3) क्या यह बात सही है कि परिसर में वकीलों को बैठकर कार्य करने के लिये विभाग द्वारा भवन निर्माण हेतु राशि उपलब्ध कराई गई थी परंतु भवन का निर्माण लंबित है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त परिसर में वकीलों को बैठने के लिये भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पर्यटक स्थल में विकसित करना

*1004. श्री विनय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दिघवारा प्रखंड के बरूआ पंचायत के मलखाचक में बिहार के प्रथम शहीद स्वतंत्रता सेनानी स्व० रामदेनी सिंह जी के गांव में ऐतिहासिक स्थल गांधी कुटीर जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार गाँधी कुटरी को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्टेशन स्थापित करना

*1005. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत केवटी विधान सभा क्षेत्र के प्रखंड केवटी के कर्जापट्टी पंचायत अंतर्गत ग्राम-कर्जापट्टी से पावर सब-स्टेशन की दूरी 20 से 25 किलो मीटर दूर होने की वजह से आँधी-तूफान में बिजली संचरण बाधित होने से जनता को विद्युतीकरण एवं किसानों को कृषि कार्य में विद्युत् सुविधा का लाभ नहीं मिल पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्राम में पावर सब-स्टेशन स्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण कराना

*1006. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय प्रखंड के मोहनपुर पंचायत स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मोहनपुर का भवन काफी पुराना होने के कारण पूर्णत: जर्जर हो चुका है एवं छत और दीवारों से प्लास्टर टूटकर गिर रहा है, जिससे इलाज कराने आने वाले मरीजों, तैनात चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के साथ कभी-भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये उक्त जर्जर भवन को ध्वस्त कर नये भवन का निर्माण यथाशीघ्र कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

शिव मंदिर का सौंदर्यीकरण

*1007. श्री सियाराम सिंह (क्षेत्र संख्या-179 बाढ़)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के अथमलगोला प्रखंड स्थित झारखण्डी स्थान शिव मंदिर एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, जो भगवान शिव को समर्पित है, यह मंदिर अपनी विशिष्ट वास्तुकला और ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मंदिर परिसर में माघ महीने में बड़े मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु भाग लेते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड स्थित उक्त शिव मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*1008. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-231 टिकारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अंतर्गत प्रखंड टिकारी के ग्राम पंचायत दिघौरा में दलितों एवं पिछड़ों की आबादी लगभग पाँच हजार से अधिक है तथा यहाँ के जनमानस को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ हेतु 20 कि0मी0 की दूरी तयकर अन्यत्र जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायत में आबादी के मानक के अनुरूप अति0प्रा0स्वा0 केन्द्र स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुरक्षा दीवार का निर्माण

*1009. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत योजनाओं के चयन करने एवं कार्यान्वयन से संबंधित नयी मार्गदर्शिका 2023 लागू है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मार्गदर्शिका में निर्मित योजना उदाहरणस्वरूप सड़क, भवन एवं तालाब आदि की सुरक्षा हेतु आवश्यकतानुसार सुरक्षा दीवार (Protection Wall) निर्माण का प्रावधान नहीं होने के कारण कार्यान्वित योजना सुरक्षित नहीं रह पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निर्मित योजना की सुरक्षा हेतु सुरक्षा दीवार (Protection Wall) निर्माण का प्रावधान मार्गदर्शिका में शामिल कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटकीय सुविधा

*1010. श्रीमती मनोरमा देवी (क्षेत्र संख्या-232 बेलागंज)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अंतर्गत बेलागंज विधान सभा क्षेत्र के कोरमथु पंचायत में अवस्थित प्राचीन डिवरा स्थान है, जो कि 250 वर्ष पुराना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर मगध क्षेत्र सहित राज्य भर से श्रद्धालु एवं पर्यटक प्रतिदिन हजारों की संख्या में आते हैं परंतु यहाँ पर पर्यटकीय सुविधा का घोर अभाव रहने के कारण पर्यटक एवं श्रद्धालु को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने एवं डिवरा स्थान का जीर्णोद्धार कर पर्यटकीय सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

रेफरल अस्पताल का दर्जा देना

*1011. श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी (क्षेत्र संख्या-240 सिकन्दरा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सिकन्दरा प्रखंड में वर्ष 1917 ई0 में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण हुआ था, जो वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में संचालित है, किन्तु घनी आबादी होने के कारण उक्त अस्पताल में मरीजों की आवश्यकता की पूर्ति नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त घनी आबादी वाले सिकन्दरा प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को रेफरल अस्पताल का दर्जा कबतक दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सा महाविद्यालय-सह-अस्पताल निर्माण

*1012. श्री सुभाष सिंह (क्षेत्र संख्या-101 गोपालगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के प्रगति यात्रा के दौरान गोपालगंज जिला में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय-सह-अस्पताल निर्माण कराने का प्रस्ताव स्वीकृत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, गोपालगंज द्वारा चनावे कृषि विभाग के भूमि का विवरण उक्त प्रयोजन हेतु स्वास्थ्य विभाग को भेजा गया है ताकि कृषि विभाग से अनापत्ति लिया जा सके जो अबतक अप्राप्त है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त भूमि का उपयुक्तता प्रतिवेदन BMSICL के द्वारा प्राप्त है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार गोपालगंज के चनावे में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चोरी हुए/ओवर लोडेड ट्रांसफॉर्मर बदलना

*1013. श्री देवेशकान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी हुए अथवा ओवरलोडेड ट्रांसफॉर्मर को उपभोक्ताओं के द्वारा दिए गए आवेदन पर कम्प्लेन दर्ज कराने के उपरांत 24 से 48 घंटे में अधिष्ठापित कर दिया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सिवान जिला के गोरेयाकोठी प्रखंड अंतर्गत ग्राम-चाचोपाली बाबूटोला वार्ड संख्या 1, सिसई पांडे टोला सहित 15 स्थानों पर एवं लकड़ी नवीगंज प्रखंड के ग्राम-उज्जैना वार 14, गोपालपुर टोले कोड़र, जगतपुर, तक्थ सहित 9 स्थानों पर चोरी हुए ओवरलोडेड ट्रांसफॉर्मर को लगाने के लिए उपभोक्ताओं द्वारा 11 माह पूर्व में विभाग को आवेदन/कंप्लेन दर्ज कराया गया है परंतु ओवरलेडेड ट्रांसफॉर्मर रहने के कारण उपभोक्ताओं को काफी परेशानी हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सराकर उक्त प्रखंडों के सभी स्थानों पर ओवरलोडेड ट्रांसफॉर्मर को बदलवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उप-स्वास्थ्य केंद्र का भवन निर्माण

*1014. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चिरैया विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत चिरैया प्रखंड के खड़तरी मध्य पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र का भवन नहीं रहने के कारण वहाँ के लोगों को प्राथमिक उपचार सहित स्वास्थ्य जाँच कराने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र का भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्रॉमा सेंटर अस्पताल बनाना

*1015. श्री मिथिलेश तिवारी (क्षेत्र संख्या-99 बैकुण्ठपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अक्तूबर, 2023 में जिला गोपालगंज के NH-27 के किनारे अवस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, झंझवा सिधवलिया में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री द्वारा ट्रॉमा सेंटर का उद्घाटन किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु डॉक्टर, GNM, Lab Technician इत्यादि स्टाफ की प्रतिनियुक्ति हेतु विभाग द्वारा आवश्कतानुसार पद सृजित एवं स्वीकृत नहीं किये गए हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में CT Scan, Ultrasound, ECG, MRI, Ventilators एवं Pathology Laboratory की सुविधायुक्त जीवन रक्षक व्यवस्थाओं का घोर अभाव है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त केंद्र में स्टाफ की प्रतिनियुक्ति के साथ जाँच की व्यवस्था यथा CT Scan, Ultrasound, ECG, MRI, Ventilators, Pathology Laboratory सुविधाओं से युक्त ट्रॉमा सेंटर अस्पताल बनाने का विचार रखती हैं, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता

*1016. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-4 बगहा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारणस जिला अंतर्गत अनुमंडलीय अस्पताल, बगहा में अल्ट्रासाउंड टेक्निशियन की कमी के कारण केवल गायनी मरीजों को छोड़कर किसी अन्य मरीजों को अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में 31 डॉक्टरों के जगह पर केवल 17 डॉक्टरों की उपलब्धता है एवं 51 नर्स, सहायक नर्स के स्थान पर केवल 17 कार्यरत है जिससे मरीजों के इलाज में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में अल्ट्रासाउंड टेक्निशियन और चिकित्सकों एवं सहायक नर्सों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटकीय सुविधा विकसित कराना

*1017. श्री कृष्ण कुमार ऋषि (क्षेत्र संख्या-59 बनमनखी (अ0 जा0))--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बनमनखी अनुमंडल मुख्यालय में अवस्थित भगवान नरसिंह अवतार स्थल एवं धीमा में अवस्थित धीमेश्वर नाथ महादेव का प्राचीन मंदिर जीर्ण-शीर्ण है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों स्थानों पर प्रत्येक वर्ष भव्य मेला का आयोजन होता है जिसमें लाखों श्रद्धालु एवं पर्यटक भाग लेते हैं परंतु उक्त स्थल पर पर्यटकीय सुविधा का अभाव रहने के कारण पर्यटक एवं श्रद्धालुओं को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों स्थानों का जीर्णोद्धार कराते हुए पर्यटकीय सुविधा विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*1018. श्री श्याम रजक (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ० जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत प्रखंड पुनपुन के पंचायत बराह ग्राम-मखदुमपुर में प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन नहीं होने के वजह से किराये के मकान में चल रहा है, जबकि भवन हेतु जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पंचायत बराह के ग्राम-मखदुमपुर में प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र के लिए भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की मान्यता

*1019. श्री गोपाल कुमार अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-53 ठाकुरगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत ठाकुरगंज प्रखंड मुख्यालय अवस्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में वर्ष 2022 में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) का भवन स्वास्थ्य विभाग द्वारा हस्तगत किए जाने के बावजूद अबतक पीएचसी ठाकुरगंज को समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में स्वीकृति प्राप्त नहीं होने के कारण स्वीकृत चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के पदों का लाभ उपरोक्त स्वास्थ्य केन्द्र को नहीं मिल पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ठाकुरगंज को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में स्वीकृति प्रदान करते हुए CHC के मानक के अनुसार चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भरवाड़ा में कृषि फीडर बनाना

*1020. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या-87 जाले )--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि किसानों को बेहतर कृषि सिंचाई के लिए अलग से बिजली फीडर बनाने की योजना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अंतर्गत जाले प्रखंड के मुरैठा से सिंहवाड़ा तक लगभग 45 किलो मीटर क्षेत्र में केवल एक ही कृषि फीडर उपलब्ध है जिसके कारण किसानों को फसल की सिंचाई हेतु पर्याप्त एवं नियमित विद्युत् आपूर्ति नहीं मिल पा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसान हित में दरभंगा जिला के सिंहवाड़ा प्रखंड अन्तर्गत भरवाड़ा में कृषि फीडर बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बाउंड्रीवाल का निर्माण करना

*1021. श्री अरूण कुमार (क्षेत्र संख्या-180 बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत खुसरूपुर प्रखंड में अतिप्राचीन मंदिर ''श्री गौरीशंकर बैकुण्ठनाथ धाम'' का भवन अत्यंत जर्जर है तथा परिसर की बाउड्रीवाल एवं सुरक्षा हेतु गार्ड की व्यवस्था नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार खुसरूपुर में अतिप्राचीन मंदिर ''श्री गौरीशंकर बैकुण्ठपुर धाम'' के भवन का जीर्णोद्धार एवं बाउंड्रीवाल का निर्माण कराने के साथ सुरक्षा हेतु गार्ड की व्यवस्था कराने कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अस्पताल का निर्माण

*1022. श्रीमती श्वेता गुप्ता (क्षेत्र संख्या-22 शिवहर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत पिपराही प्रखंड के अम्बा कला में वर्षों पहले (1993 94) 'वैधनाथ झा रेफरल अस्पताल' की नींव रखी गयी थी, जबकि अस्पताल का स्वयं की 2 एकड़ भूमि मौजूद है, इसके बावजूद कंस्ट्रक्शन कार्य बंद पड़ा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल का कंस्ट्रक्शन बंद होने के कारण की जांच कराते हुए कबतक उक्त अस्पताल के निर्माण का कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण

*1023. श्री राजेश कुमार मंडल (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मनीगाछी में भवन की कमी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मनीगाछी में स्त्री एवं बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सक का पदस्थापन नहीं है, जिसके कारण रोगियों को कठिनाइयाँ हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मनीगाछी का भवन निर्माण करने के साथ-साथ स्त्री रोग एवं बाल रोग विशेषज्ञ की पदस्थापन का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*1024. श्री राहुल कुमार (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लोकनायक जय प्रकाश नारायण सुपर स्पेशियलिटी ऑर्थो अस्पताल को सुपर स्पेशियलिटी के रूप में विकसित करने हेतु मानक के अनुरूप 140 पद का स्थायी सृजन वर्ष 2011 में हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि परामर्शी के पद के लिए पूर्व से तय मानक के अनुरूप एम०एस० (ऑर्थो) होना अनिवार्य है ;

(3) क्या यह बात सही है कि तय मानक के विपरीत परामर्शी के पद पर एम०एस० (ऑर्थो) से निम्न डिग्री वाले चिकित्सक कार्यरत हैं ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्पेशियलिटी अस्पताल में कार्यरत वैसे परामर्शी जिनके पास तय अर्हता नहीं है, के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पर्यटन स्थल विकास

*1025. श्री रोमित कुमार (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अतरी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत मोहड़ा प्रखंड के तेतर पंचायत में स्थित तेतर डैम प्राकृतिक सौंदर्य, जलस्रोत एवं पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है इसके बावजूद भी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित नहीं किया गया है तथा इस डैम के आस-पास सड़क, प्रकाश बैठने की सुविधा, सुरक्षा, नाव विहार एवं पर्यटकों के लिए आधारभूत सुविधाओं का अभाव है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का निर्माण कराना

*1026. श्रीमती बेबी कुमारी (क्षेत्र संख्या-91 बोचहां (अ० जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बोचहां विधान सभा क्षेत्र के शेखपुर में स्वास्थ्य उप केन्द्र का भवन नहीं रहने के कारण पदस्थापित ए०एन०एम० को शेखपुर में प्राइवेट मकान में बैठना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार शेखपुर में अवस्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना

*1027. श्री गौतम कृष्ण (क्षेत्र संख्या-77 महिषी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के महिषी प्रखंड अंतर्गत कंदाहा गाँव स्थित प्राचीन सूर्य मंदिर एक महत्वपूर्ण धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल है जहाँ भगवान सूर्य की अद्‌भुत मूर्ति एवं दर्शनीय कलाकृतियाँ विद्यमान है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सूर्य मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर समुचित सुविधाएँ कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

अस्पताल में रैम्प बनाना

*1028. डॉ० प्रकाश चंद्र (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, ओबरा के B ब्लॉक भवन में रैम्प की उपलब्धता नहीं रहने के कारण प्रसुता एवं गर्भवती महिलाओं तथा शल्यक्रिया के उपरान्त मरीजों को वार्ड में सीढ़ी के माध्यम से महिला वार्ड एवं पुरुष वार्ड में हस्तांतरित करने में कर्मियों एवं मरीजों को काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल में रैम्प उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

उप-स्वास्थ्य केन्द्र की घेराबंदी

*1029. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ० ज० जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत किशनपुर पंचायत के बलवापट्टी प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र की घेराबंदी नहीं है, जिससे पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त केन्द्र की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् प्रमंडल किशनगंज में शामिल करना

*1030. मो० कमरूल होदा (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बिजली आपूर्ति की बेहतर व्यवस्था व उपभोक्ताओं की सुविधा के लिये किशनगंज विद्युत् प्रमंडल से अलग, वर्ष 2021 में एक नया विद्युत् प्रमंडल ''बहादुरगंज'' गठन किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जिला के कुल सात प्रखंडों में से पाँच प्रखंड यथा बहादुरगंज, टेढ़ागाच्छ, पोठिया, दिघलबैंक एवं ठाकुरगंज को उक्त प्रमंडल में शामिल किया गया है जबकि प्रखंड कोचाधामन एवं किशनगंज, विद्युत् प्रमंडल ''किशनगंज'' में शामिल है ;

(3) क्या यह बात सही है कि किशनगंज विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत पोठिया प्रखण्ड को विद्युत् प्रमंडल किशनगंज में शामिल नहीं रहने के कारण उपभोक्ताओं को कठिनाई होती है ;

(4) यदि है, तो सरकार प्रखंड-पोठिया को विद्युत् प्रमंडल किशनगंज में शामिल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पर्यटन स्थल का विकसित करना

*1031. श्री रत्नेश कुमार (क्षेत्र संख्या-184 पटना साहिब)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम शहर में चंदन शहीद पहाड़ तथा आशिकपुर में अशोक कालीन शिलालेख अवस्थित है, जो पर्यटन एवं ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण स्थल हैं, किंतु उक्त पहाड़ एवं उसके पहुँच पथ पूरी तरह से अतिक्रमित होने के कारण आमलोगों को उक्त स्थल पर आवागमन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल को अतिक्रमण से मुक्त कराते हुये पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन निर्माण कराना

*1032. मोहम्मद मुर्शिद आलम (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सिकटिया हाट तथा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पेचैली का भवन नहीं है, जिसके कारण उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कार्यरत नहीं हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अल्ट्रासाउण्ड अधिष्ठापित कराना

*1033. मो० तौसीफ आलम (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज नगर पंचायत स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बहादुरपुर में अल्ट्रासाउण्ड मशीन नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर चार प्रखंड यथा बहादुरपुरगंज, दिघलबैंक, टेढ़ागाछ और ठाकुरगंज के मरीज इलाज कराने आते हैं किन्तु स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउण्ड मशीन नहीं रहने के कारण मरीजों को इलाज कराने में कठिनाई एवं आर्थिक हानि उठाना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउण्ड अधिष्ठापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करना

*1034. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के प्रत्येक पंचायत में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना का सरकार द्वारा प्रावधान किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के शाहपुर पटोरी प्रखंड के जोड़पुरा एवं चकसलेम में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना नहीं होने के कारण क्षेत्र की जनता समुचित स्वास्थ्य सुविधा से वंचित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त पंचायतों में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पर्यटकीय विकास

*1035. डॉ० कुमार पुष्पंजय (क्षेत्र संख्या-170 बरबीघा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिला के बरबीघा प्रखण्ड अन्तर्गत पिंजरी पंचायत के ग्राम-कुसेढ़ी में अवस्थित 'पंचबदन स्थान' आस्था का केंद्र है जहां भगवान शिव की पूजा अर्चना वर्षों से होती है यह सौन्दर्यीकरण की बाट जोहता हुआ सरकारी उपेक्षा का दंश झेल रहा है और आजतक यहां पर्यटकीय विकास नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त धार्मिक स्थल 'पंचबदन स्थान' का सौन्दर्यीकरण कराते हुये पर्यटकीय विकास का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी का निर्माण

*1036. प्रो० नागेन्द्र राउत (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत सुरसंड विधान सभा के चोरौत प्रखंड में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर, नर्स एवं स्टाफ का पद सृजन नहीं किये जाने से लोगों को चिकित्सा में कठिनाई हो रही है तथा चहारदीवारी नहीं रहने से मवेशियों तथा असामाजिक तत्वों का आवागमन होता रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में शीघ्र मानक के अनुरूप डॉक्टर, नर्स एवं स्टाफ का पद सृजन करने के साथ चहारदीवारी के निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नये भवन के निर्माण कराने

*1037. श्री शुभानंद मुकेश (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगांव प्रखण्ड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (PHC), कहलगांव का भवन अत्यंत जर्जर है तथा वर्षा ऋतु में छत से पानी टपकने के कारण स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में भारी कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन के जीर्णोद्धार (Renovation) अथवा नये भवन के निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जीर्णोद्धार करना

*1038. श्री सतीश कुमार सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रामगढ़ विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत प्रखण्ड रामगढ़ में बैजनाथ गांव स्थित एक ऐतिहासिक एवं पवित्र मँदिर रहने के कारण प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालुओं के आस्था से जुड़ा हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मँदिर का कबतक सौंदर्यीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जर्जर तार और पोल बदलना

*1039. श्री अमरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के गोह विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत आवारी, भरकुंडा एवं बेरका पंचायतों में बिजली के जर्जर तार और पोल को बदलने का कार्य अभी भी अधूरा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विधान सभा क्षेत्र के सभी जर्जर तार पोल को नहीं बदलने के कारण गर्मी और बरसात में हवा के कारण तार गिर जाते हैं जिसमें घंटों विद्युत् आपूर्ति बाधित रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त क्षेत्र के सभी जर्जर तार और पोल बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

हाट का निर्माण

*1040. श्री माधव आनंद (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला मुख्यालय में बच्चों एवं युवाओं के मनोरंजन के लिये कोई सार्वजनिक स्थल नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार झंझारपुर मिथिला हाट के तर्ज पर मधुबनी जिला मुख्यालय में मिनी मिथिला हाट का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जर्जर सड़क एवं नालों का निर्माण कराना

*1041. श्री प्रमोद कुमार (क्षेत्र संख्या-19 मोतिहारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल, मोतिहारी पुराना अस्पताल है, जो लगभग 30 एकड़ जमीन में स्थित है जहां मरीज के परिजन के आने-जाने हेतु जर्जर सड़क और नाला नहीं होने के कारण हल्की बारिश पर भी जल-जमाव हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सदर अस्पताल परिसर में जर्जर सड़क एवं नालों का निर्माण कराने का विचार सरकार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पटना :
दिनांक 13 फरवरी, 2026 (ई०)।

ख्याति सिंह,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

बि०स०मु० 26 (एल०ए०), 2025 26 डी०टी०पी० 600

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा मुद्रित
2026